यूपी में अधिक निवेश के लिए बनेगी नई पीपीपी नीति : योगी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निजी क्षेत्र की ओर से निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के लिए मिल रहे प्रस्तावों को देखते हुए राज्य की पीपीपी नीति को और सरल बनाने की जरूरत बताई है। इसके लिए उन्होंने नई पीपीपी नीति बनाने को कहा है।

इस संबंध में मंगलवार को हुई बैठक में सीएम ने कहा कि वैश्विक निवेशक सम्मेलन में मिले कुल निवेश प्रस्तावों में से करीब 10 फीसदी पीपीपी परियोजनाओं के संबंध में थे, जो हमारी नीति के बेहतरीन परिणाम को प्रदर्शित करता है।

भविष्य की जरूरत को देखते हुए ऐसी नीति की आवश्यकता है, जो पीपीपी के लिए उपयुक्त परियोजनाओं के चिह्नीकरण, स्टेकहोल्डर परामर्श, विकासकर्ता के लिए बिड तैयार करने, प्रोक्योरमेंट प्रोसेस स्टेज, अनुबंध और प्रबंधन को बेहतर ढंग से कर सके।

सीएम ने दिए निर्देश, इन्वेस्ट यूपी में पीपीपी सेल का होगा गठन

इस उद्देश्य के साथ जल्द ही राज्य की नई पीपीपी नीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी में एक पीपीपी सेल भी गठित की जाए, जो पीपीपी फ्रेमवर्क को विकसित करके, विभागों को सलाह देकर, निजी निवेश को और सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय करके अंतर विभागीय सहयोग को सुविधाजनक बनाकर, परियोजना कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करे।